# प्रश्न !

अशोक-परिवार का यह तीसरा और अन्तिम रूपक है।

कुणाल को लेकर कितनी ही रचनायें हुई हैं—और, जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी !

मेरा कुणाल कलाकार है—कला उसे रिझाती है, फँसाती है, अंधा बनाती है। और, इसीलिए वह कहता है—क्या कला भी अंधी होती है ?

एक शाश्वत प्रश्न—जिसका उत्तर कौन दे !

अब मैं इतिहास की ओर से समाज की ओर आना चाह रहा हूँ—रूपक के क्षेत्र में भी।

एक कलाकार के लिए, एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में जाने के पहले, एक ऐसे प्रश्न के छोड़ जाने से सुन्दर और क्या हो सकता है ?

क्या आशा करूँ, मेरी यह कृति भी, अन्य कृतियों की तरह हिन्दी-संसार से स्वीकृति पा सकेगी ?

१५।७।५०

नामक छोटा नाटक आज अपने साहित्य-प्रेमी पाठकों के सम्मुख उपस्थित करते हमें हर्ष हो रहा है। इतिहास-प्रसिद्ध सम्राट् अशोक के पुत्र कुमार कुणाल की करुण-कहानी से हमारे पाठक सुपरिचित हैं। इस कहानी के आधार पर रोचक, नवीन, निराले ढंग से 'नेत्र-दान' को लेखक ने अपनी अनूठी शैली से सकरुण और आकर्षक बनाने में कमाल किया है। रंगमंच पर खेले जानेवाले नाटकों में इसे विशिष्ट स्थान प्राप्त होगा, ऐसी हमारी निश्चित धारणा है। इसको पढ़ने से भारतीय संस्कृति की अपूर्व झाँकी मिलेगी।

हमें आशा और विश्वास है कि हिन्दी-साहित्य के प्रेमी पाठक इसको अपनायेंगे और हमें ऐसे और भी नाटक प्रकाशित करने की सत्प्रेरणा मिलेगी।

—प्रकाशक

आता, क्या कहते हैं, क्या चाहते हैं ? मालूम होता है, यहाँ की बातें ही अलग नहीं, इशारे भी अलग हैं !

[ क्रोध की मुद्रा में ]

नहीं, जानबूझकर यहाँ मेरी उपेक्षा की गयी है ! रक्षिते, पगली, अपने को धोखे में मत रख। जानबूझकर तेरी उपेक्षा की गयी है ! हाँ, जान-बूझकर उपेक्षा की गयी है ; किन्तु इस ढङ्ग से कि तू धोखे में रहे ! उँह, इस सारे भवन में ढोंग ही ढोंग भरा है। धर्म का ढोंग, प्रेम का ढोंग, कला का ढोंग ! ढोंग ! ढोंग !

[ मुस्कुराती हुई ]

बूढ़े सम्राट् ! अह, क्या कहने हैं ! दिनभर इस चिन्ता में कि इस देश में धर्मदूत भेजो, उस देश में धर्मदूत भेजो ; यहाँ स्तूप खड़ा कराओ, वहाँ स्तूप खड़ा कराओ। स्तूप खड़ा कराओ, उन पर अच्छे-अच्छे उपदेश लिखवाओ। और सबका आरम्भ करो इस वाक्य से—'देवानाम् प्रिय, प्रियदर्शी अशोक !' 'देवानाम् प्रिय' तो समझी, किन्तु, यह 'प्रियदर्शी' क्या बला है बूढ़े सम्राट् ? क्या आप अपने को सुन्दर भी समझते हैं ! बूढ़ा ! [ खिलखिला पड़ती है। ] नहीं, नहीं रक्षिते, हँस मत ! सम्राट् कभी सुन्दर भी रहे होंगे ; जरूर रहे होंगे—खण्डहर बताता है, इमारत बड़ी अच्छी रही होगी ! किन्तु कैसा करुण ! खण्डहर समझ रहा है, वह इमारत है। बूढ़े सम्राट् ! तुम पर क्रोध नहीं, करुणा ही आती है ! किन्तु, किन्तु···

[ अचानक भौंहें चढ़ जाती हैं। ]

किन्तु कुमार, तुम ! तुम !! सम्राट् दुर्बलताओं के साथ भी महान हैं, किन्तु तुम ? ओह कैसा नाटक दिखाया तुमने ? जैसे भोले हो ; जैसे

